आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

02.04.2024 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार....

- प्रदेश में चुनाव प्रचार हुआ तेज, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और कमलनाथ ने की सभाएं।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की भूमिका अहम ।
- बालाघाट में पुलिस ने मुठभेड़ में दो इनामी नक्सलियों को मार गिराया।
- आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेन्जर्स बैंगलुरू का सामना लखनऊ सुपर जॉइन्ट्स से होगा।

प्रदेश प्रचार

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास के रहे हैं। जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति को समाप्त कर भाजपा सरकार ने विकासवादी राजनीतिक संस्कृति की स्थापना की है। एक दिन के प्रवास पर जबलपुर आए नड्डा ने 'प्रबुद्धजन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि पहले जाति के बिना बात नहीं होती थी। परिवारवाद की राजनीति होती रही है लेकिन मोदी सरकार ने विकासवाद की राजनीति की एक नई शुरुआत की है।

उधर,पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के पांढुर्ना में आज एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि मैं अंतिम सांस तक आपकी सेवा करूंगा। मेरा पूरा जीवन आपके लिए समर्पित है। वहीँ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष thrw iVokjh us आज दमोह से कांग्रेस प्रत्याशी तरवर सिंह लोधी की नामांकन रैली में शामिल हुए.

राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि मीडिया निर्वाचन संबंधी तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पाठकों तक पहुंचाएँ।

श्री राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा पत्रकारों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पत्रकार मतदान के दिन कवरेज में व्यस्त होने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर पी.एन. सनेसर और डॉ. वाय.पी. सिंह ने सी-विजिल एप, केवाईसी, एमसीएमसी, पेड न्यूज, मीडिया एथिक्स और मतदान एवं मतगणना के दिन मीडिया कवरेज सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रचार-नामांकन

प्रदेश में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार और दूसरे चरण के लिए नामांकन भरने का काम तेज हो गया है. वहीँ, मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ भी परवान पर हैं.

रीवा में निवर्तमान सांसद जनार्दन मिश्र ने आज उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन  पत्र दाखिल किया ।

बैतूल में निर्वाचन प्रशिक्षण से गैर हाजिर 92 कर्मचारियों में से 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है और शेष 88 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। वहीँ, बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी ने अपना नामांकन दाखिल किया ।

सीहोर जिले की नगर परिषद बुधनी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया |

सागर जिले में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सभी विधानसभा स्तर पर बनाए गए प्रशिक्षण स्थलों पर आज से शुरू हो गया है।

खंडवा जिले के ग्राम रोशनी में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने मतदान करने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इसके अलावा उत्कृष्ट स्कूल खालवा में युवा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। इसी तरह महिला बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन एवं पंधाना में भी ग्रामीणजनों को मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई।

खजुराहो लोकसभा चुनाव के लिए आज दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पहला नामांकन बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश पटेल ने और दूसरा निर्दलीय अभ्यर्थी लक्ष्मी प्रसाद ने दाखिल किया।

सतना लोकसभा क्षेत्र 9 के निर्वाचन के लिए नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन 4 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा के समक्ष प्रस्तुत किए।

जबलपुर में माउंटेन मैन अंकित सेन को लोकसभा चुनाव के लिए आइकॉन बनाया गया है. वे शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए आम लोगों को प्रेरित करेंगे. और

देवास में नेहरू युवा केंद्र द्वारा वॉलीबाल मैच का आयोजन किया गया एवं शतप्रतिशत मतदान के लिए सभी खिलाडियों को शपथ दिलाई गई।

<u>शहडोल: मतदाता जागरूकता</u>

शहडोल जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए पुलिस और प्रशासन अपनी—अपनी तैयारियों में जुटे हैं। पंचगांव गांव में महिलाओं ने मतदान की मेहंदी लगाकर लोगों को जागरूक किया। जयसिंहनगर बस स्टैंड में दीपक जलाकर लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। जनकपुर गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर सभी से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई। चरहेट गांव के सेल्फी प्वाइंट पर सैकड़ों ग्रामीणों ने सेल्फी लेकर मतदान के प्रति उत्साह जगाया। इस बीच विशेष चेकिंग अभियान के दौरान रुपौला शहडोल—उमरिया सीमा पर 2 लोगों से 4 लाख 58 हजार रुपए की राशि जब्त की गई है। वहीँ, पुलिस विभाग अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्वाचन डियूटी का प्रशिक्षण दे रहा है।

<u>जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ’ नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के

साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## नक्सली मुठभेड़

बालाघाट जिले में सर्चिंग के दौरान पुलिस और नक्सलियों के आमने-सामने की मुठभेड़ में पुलिस ने दो नक्सलियों को मार गिराया है।इनमें से एक पर 29 लाख और दूसरे पर 14 लाख का इनाम था. पुलिस की इस कार्रवाई पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जवानों पर गर्व जताया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ये मध्यप्रदेश पुलिस की सजगता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम नक्सलाइट मूवमेंट को कभी भी पनपने नहीं देंगे।

## संपत्ति मुक्त -इंदौर

इंदौर में आज भू माफियाओं से बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन के अमले द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में तहसील राऊ के ग्राम तेजपुर गड़बड़ी की अन्नपूर्णा मंदिर के समीप स्थित करीब पांच हेक्टेयर शासकीय भूमि भू माफियाओं से अतिक्रमण मुक्त की गई। इस भूमि का बाजार मूल्य 400 से 450 करोड़ रुपये अनुमानित है।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज बैंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेन्जर्स बैंगलुरू का सामना लखनऊ सुपर जॉइन्ट्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। कल मुम्बई के वामखेडे स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने मुम्बई इंडियंस को छह विकेट से पराजित किया।

## समाचार संक्षेप में....

1. विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज विधानसभा के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी.सिंह एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

2. खण्डवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि ग्रीष्मकाल में बढ़ते तापमान एवं लू से बचने के लिए जिले के सभी नागरिकों से सावधानियां बरतने का आग्रह किया

3. सागर संभागायुक्त डा. वीरेन्द्र सिंह रावत ने पन्ना जिले के तत्कालीन तहसीलदार उमेश तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

4. नीमच जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। जिले में अब पेयजल प्रयोजन को छोड़कर अन्य प्रयोजनों के लिए नलकूप खनन पर पूर्णतःप्रतिबंध लगा दिया गया है।

5. राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने आगरमालवा कलेक्टर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये लक्ष्य से 105 प्रतिशत अधिक धनराशि जुटाने पर प्रशंसा पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया है।

6. खजुराहो पुलिस ने शराब के अवैध भंडार पर छापा मारकर लगभग 250 पेटी शराब पकड़ी है. इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपये है.

-------------------------